महत्वपूर्ण एवं खास

दिव्यांगजनों के लिए सहायक उपकरण क्रय हेतु मंगाए गए निविदा अपरिहार्य कारणों से निरस्त

रायगढ़। जिला खनिज न्यास संस्थान मद अंतर्गत वर्ष 2022-23 में दिव्यांगजनों के लिए सहायक उपकरण क्रय हेतु कार्यालय उप संचालक समाज कल्याण जिला-रायगढ़ द्वारा निविदा आमंत्रित की गई थी तथा निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि 20 फरवरी 2023 अपरान्ह 5.30 बजे तक निर्धारित की गई थी। उक्त आमंत्रित निविदा को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

दुष्कर्म मामले में एमबीबीएस छात्र गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। शादी का प्रलोभन देकर दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने एक एमबीबीएस के छात्र को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार सुरजपुर में रहने वाली एक युवती ने गंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि मुरारी कुमार साहू निवासी सूरजपुर हाल पता रायपुर ने उसे विवाह करने का प्रलोभन देकर उसके साथ कई वर्षो तक गंज क्षेत्रांतर्गत स्थित होटल एवं अन्य स्थानों में ले जाकर दुष्कर्म करता रहा तथा विवाह के लिए कहने पर विवाह करने से इंकार कर दिया। युवती की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ धारा 376(2)(एन), 506 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध किया। मामलें में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं थाना प्रभारी गंज के नेतृत्व में थाना गंज पुलिस की टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये आरोपी मुरारी कुमार साहू को गिरफ्तार कर लिया गया है।

चाकू दिखाकर लोगों को आतंकित कर रहा युवक पकड़ाया

रायपुर (आरएनएस)। टिकरापारा थाना पुलिस ने नया बस स्टैंड भाठागांव से एक युवक को चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक चाकू लेकर लोगों को डरा-धमका रहा था। मिली जानकारी के अनुसार टिकरापारा थाना पुलिस को सूचना मिली कि नया बस स्टैण्ड भाठागांव के पास एक युवक हाथ में धारदार चाकू लेकर आम लोगों को आतंकित कर रहा है। सूचना पर पुलिस मौक पर पहुंची और आरोपी साजिद रजा पिता शेख अनवर उम्र 24 साल निवासी निजामी चौक टिकरापारा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1 धारदार चाकू जप्त किया तथा आरोपी के विरूद्ध धारा 25, 27 आम्र्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही किया गया।

10 लाख के इनामी 2 नक्सली आईईडी, वॉकी टॉकी के साथ गिरफ्तार

कांकेर (आरएनएस)। जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत जिला पुलिस और बीएसएफ की संयुक्त पार्टी ने 02 इनामी नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक 08 लाख का इनामी नक्सली प्लाटून नंबर-17 का कमांडर भीमा उर्फ लखमू पोडियाम है, वहीं दूसरा नक्सली हिरदेश कुमेटी 02 लाख का इनामी है। गिरफ्तार नक्सलियों के पास से आईईडी, वॉकी टॉकी समेत कुछ नगदी भी जब्त किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीएसएफ और जिला पुलिस बल की संयुक्त टीम अर्रा कैंप से सर्चिंग के लिए निकली थी। इस दौरान ग्राम मसपुर, किलेनार, मण्डानार, भुमकीपारा से होते हुए मण्डानार की पहाड़ी के जंगल में पुलिस पार्टी पहुंची, तभी दो संदिग्ध पुलिस को देखकर भागने लगे, भग रहे दोनों संदिग्धों को जवानों ने घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ में उनमें से एक ने अपना नाम भीमा उर्फ लखमू पोडियाम बताया। वह वर्ष 2006 से नक्सली संगठन में सक्रिय था। भीमा वर्तमान में नक्सलियों के प्लाटून नंबर- 17 का कमांडर है और किसकोड़ो एरिया कमेटी में सक्रिय था। भीमा कई बड़ी नक्सल वारदातों में शामिल रहा है। उस पर 8 लाख रुपए का इनाम घोषित है। वहीं दूसरा नक्सली हिरदेश कुमेटी 02 लाख का इनामी है।

जिले के प्रभारी सचिव पहुंचे नवगठित जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़

- प्रभारी सचिव स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों से पढ़ाई के संबंध में की चर्चा
- स्टेट वेयर हाउस गोदाम सहित जिले में चल रहे अन्य प्रगतिरत कार्यों का किया निरीक्षण
- रीपा गौठान छिन्द में आयमूलक गतिविधियों के संचालन के संबंध में दिए दिशा-निर्देश

सारंगढ़-बिलाईगढ़। जिले के प्रभारी सचिव एवं प्रबंध संचालक, वेयर हाऊसिंग लिमिटेड रायपुर धर्मेश कुमार साहू आज नवगठित जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के दौरे पहुंचे। इस दौरान उन्होंने जिले में चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दीकी भी साथ रही।

प्रभारी सचिव साहू स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय बिलाईगढ़ पहुंचे। यहां उन्होंने अध्ययनरत छात्रों से मिलकर उनकी पढ़ाई के बारे में चर्चा की और आगे भविष्य में पढ़ाई करके क्या बनना चाहते है के संबंध में पूछा। उन्होंने छात्रों को आईआईटी और नीट की पढ़ाई करने का सुझाव दिए। उन्होंने अध्यापकों को बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय के प्रयोगशाला का भी निरीक्षण किया। प्रभारी सचिव साहू स्टेट वेयर हाउस गोदाम, बिलाईगढ़ एवं निर्माणाधीन बंदारी, भटगाँव वेयर हाउस का निरीक्षण किया। उन्होंने जिले के उपार्जन केन्द्र बिलाईगढ़ में उपार्जित एवं भण्डारित चावल का निरीक्षण के साथ-साथ सार्वजनिक वितरण प्रणाली कार्यों की भी समीक्षा की। जिसमें उनके द्वारा चावल उपार्जन एवं अन्य कार्यो की प्रगति की सराहना की गई। निरीक्षण के दौरान जिला प्रबंधक नॉन द्वारा चावल उपार्जन हेतु पर्याप्त मात्रा में गोदाम की उपलब्धता के संबंध में प्रभारी सचिव को वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए निर्मित हो रहे गोदामों की धीमी गति में वृद्धि हेतु अनुरोध किया गया, जिसमें प्रभारी सचिव द्वारा अपूर्ण गोदामों के निर्माण की गति में वृद्धि हेतु आश्वस्त किया गया। इस दौरान उन्होंने निर्माणाधीन गोदामों का भी निरीक्षण किया और इसे शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिसमें ठेकेदार द्वारा आगामी अप्रैल माह में दो गोदामों को पूर्ण कर आधिपत्य में सौंपे जाने एवं शेष गोदामों को भी शीघ्र पूर्ण किये जाने हेतु आश्वासन दिया गया।

प्रभारी सचिव साहू छिंद के रीपा गौठान निरीक्षण में पहुंचे। यहां उन्होंने रीपा गोठान की विस्तृत जानकारी लेते हुए गोधन न्याय योजना को बहुत ही हितकारी योजना बताते हुए सभी निर्माण कार्यों को सरपंच तथा सचिव को शीघ्र ही गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही रीपा में कार्य करने वाले समूहों एवं उद्यमियों से उनके द्वारा की जाने वाली गतिविधियों के संबंध में चर्चा की। उन्होंने स्व-सहायता समूहों और उद्यमियों को अभी से अपने घर में ही छोटे रूप में आजीविका गतिविधि प्रारंभ करने की सलाह दिए ताकि समय रहते उन्हें व्यवसाय की समझ और मार्केट में अपनी पहुंच बना सके तथा वे आजीविका गतिविधियों से जुड़कर अधिक से अधिक लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होंने शासन स्तर से प्राप्त सभी संसाधनों को सही समुचित उपयोग करने की सलाह दिए। तत्पश्चात राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए ग्राम पटवारी को सीमांकन, बटांकन, नकल, फौती आदि लंबित समस्त प्रकरणों को शीघ्र निराकरण करने हेतु निर्देशित किया ताकि किसानों ग्रामवासियों को किसी प्रकार की समस्या ना हो।

संकुलों में चल रहा ब्लॉक स्तरीय उपचारात्मक शिक्षक प्रशिक्षण शिविर

- उर्दना, जामगांव, जोरापाली, कोतरा में चल रहा कार्यक्रम

रायगढ़। पिछले दो सत्र में वैश्विक महामारी कोरोना के कारण स्कूलों में आई शिक्षा के स्तर में गिरावट को सुधारने के लिए उपचारात्मक शिक्षक प्रशिक्षण का विशेष अभियान स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश स्तर से लेकर संकुल स्तर तक संचालित किया जा रहा है। इसी कड़ी में सबसे पहले राज्य स्तर पर राजधानी रायपुर में प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स पिछले दिनों जिला स्तर पर विकासखंड सभी शिक्षकों को प्रशिक्षित किए। तत्पश्चात विकासखंड स्तर पर अलग-अलग संकुल से आए शिक्षकों को उपचारात्मक प्रशिक्षण देकर उन्हें सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर को ऊपर उठाने का मार्गदर्शन दिया जा रहा है।

जिला शिक्षा अधिकारी बी.बाखला के मार्गदर्शन में तथा रमसा के सहायक जिला परियोजना अधिकारी जे.के.राठौर, आलोक स्वर्णकार सहायक जिला परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा एवं बीआरसीसी मनोज अग्रवाल के दिशा-निर्देश में उपचारात्मक शिक्षक प्रशिक्षण शिविर संकुल केंद्र उर्दना, जामगांव कोतरा एवं जोरापाली में संपन्न हुआ हो रहा है। जिसमें संबंधित क्षेत्र के अलग-अलग संकुल से संबद्ध सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल होकर अपने अनुभव साझा कर रहे हैं उनके बीच चिंतन चल रहा है कि शैक्षणिक स्तर में कमजोर हो चुके स्कूली बच्चों का उपचार किस तरह किया जाए जिससे सरकारी स्कूलों को एक सम्मान जनक की स्थिति में लाया जा सके। जिसके 7 एवं 8 फरवरी को ब्लॉक स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षण शिविर रायगढ़ विकासखंड के अलग-अलग स्थानों संपन्न हुआ। जिसमें संबंधित क्षेत्र के संकुल से जुड़े माध्यमिक एवं हाईस्कूल हायर सेकेण्डरी स्तर के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं पहुंचकर उपचारात्मक शिक्षक प्रशिक्षण में भाग ले रहे है। कोतरा संकुल केंद्र में चलने वाले प्रशिक्षण शिविर में एडीपीओ जे.के.राठौर एवं समग्र शिक्षा के एपीओ आलोक स्वर्णकार प्रशिक्षणार्थी शिक्षकों का उत्साहवर्धन करने पहुंचे उन्हें मार्गदर्शन दिया। वही मास्टर ट्रेनर्स भोजराम पटेल, किरण कुमार पटेल, छबिलाल चौधरी, फणेन्द्र कुमार पटेल, ऋद्धि कुमार पटेल के साथ वरिष्ठ शिक्षक डी.पी.पटेल नंदेली, कपिल चौहान उसरौट, श्यामा पटेल कोतरा, घनश्याम सिदार भातपुर नीलम बरवा कछार ने भी उपचारात्मक शिक्षा के संदर्भ में अपना वक्तव्य दिया।

प्रशिक्षण के दूसरे सत्र में अलग-अलग विषय वार समूह में बैठकर शिक्षकों द्वारा विशेष शिक्षण के बारे में चर्चा किए और बच्चों के विषय की समझ बढ़ाने उनके शिक्षा स्तर को गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए चिंतन किया गया। कोतरा संकुल केन्द्र में संपन्न उपचारात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम में शिक्षक संकुल समन्वयक सीएसी विनोद सिंह राजपूत, रोहित पटेल, टीकाराम पटेल, सौरभ पटेल, निशा गौतम, ईश्वर प्रसाद पटेल, उमाशंकर पटेल, यज्ञकुमार पटेल की सक्रिय एवं सहयोगात्मक भागीदारी रही।

तेज रफ्तार पिकअप पेड़ से टकराई, एक की गई जान, 10 घायल

बालोद (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के बालोद जिले के डौंडी थाना क्षेत्र के ग्राम किशनपुरी तालाब के पास एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन तेंदू पेड़ से टकरा गया। इस हादसे में पिकअप में सवार एक की मौत हो गई। वहीं 10 लोग घायल है, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। वहीं वाहन चालक के नशे में होने की बात सामने आ रही है।

बता दें कि ग्राम धनवापारा बाँधापारा निवासी देव कार्य के लिए कांकेर जिला के चारामा स्थित चारभाठा गांव गए थे। लौटते समय थाना क्षेत्र के ग्राम किशनपुरी तालाब के पास पिकअप तेंदू पेड़ से जा टकराया। दुर्घटना इतनी जोरदार थी कि वाहन के परखच्चे उड़ गए। वहीं वाहन में सवार 10 लोग घायल हो गए।

हादसे की सूचना मिलते ही आमाडुला स्वास्थ्य विभाग के डाक्टर उत्तम साहू अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल दो व्यक्ति को जिला अस्पताल रेफर किया। उपचार के दौरान बांधापारा ढोरींठेमा निवासी देवराम उसेंडी 50 वर्ष की मौत हो गई। वहीं दूसरे का उपचार किया जा रहा है।

रायपुर पुलिस ने 6 सटोरियों को किया गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। रायपुर पुलिस ने शहर के अलग- अलग स्थनों में सट्टा संचालित करने वाले 6 सटोरियों को गिरफ्तार किया है।

मिली जानकारी के अनुसार रायपुर जिले में सट्टा एवं जुआ पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। जिसके तारतम्य में बुधवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर/अपराध अभिषेक माहेश्वरी के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम द्वारा सटोरियों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाकर सटोरियों के विरूद्ध ताबड़तोड़ कार्यवाही करते हुए अलग - अलग थाना क्षेत्रों में सट्टा संचालन करने वाले कुल 6 सटोरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नगदी रकम 6 हजार 250 रूपये तथा सट्टा-पट्टी जप्त किया गया है तथा उनके विरूद्ध संबंधित थानों में कार्यवाही की गई।

पुलिस ने हरि यादव पिता जगदीश यादव उम्र 30 साल पता कामसीपारा रविदास मंदिर के पास रायपुर। बीरू निर्मलकर पिता परदेसी निर्मलकर उम्र 45 वर्ष साकिब श्याम नगर थाना तेलीबांधा रायपुर। मुकेश सागर पिता बलवंत सागर उम्र 36 वर्ष साकिन कुकुरबेड़ा बंटी किराना स्टोर के पास थाना आमानाका रायपुर। विक्की तिवारी पिता ललित तिवारी उम्र 29 साल कुशाल पुर नया बाजार। राजू शेलार पिता रतिराम सेलार उम्र 45 साल साकिन काशीराम नगर थाना तेलीबांधा तथा सैफुल्ला अली पिता सरताज अली उम्र 40 साल निवासी राजातालाब ब्रिज के पास मेन रोड रायपुर को गिरफ्तार किया है।

फिर बदलेगा छत्तीसगढ़ में मौसम का मिजाज, न्यूनतम तापमान में होगी बढ़ोतरी

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में मौसम का मिजाज फिर से बदलने वाला है और नम हवाओं के आने की रफ्तार थोड़ी कम हुई है। मौसम विभाग का कहना है कि मंगलवार को मौसम शुष्क रहेगा और दो दिनों तक न्यूनतम तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी शुरू होगी।

हालांकि 10 व 11 फरवरी को फिर से मौसम का मिजाज थोड़ा बदलेगा और हल्की ठंड में बढ़ोतरी होगी। प्रदेश भर में कबीरधाम सबसे ठंडा रहा। एडब्ल्यूएस कबीरधाम का न्यूनतम तापमान 8.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

शुष्क रहेगा मौसम,दो दिन बढ़ेगा पारा

सोमवरा सुबह से ही रायपुर सहित प्रदेश भर में मौसम शुष्क रहा। सुबह-सुबह और रात में ठंड बनी हुई है,हालांकि अधिकतम व न्यूनतम तापमान में अब थोड़ी बढ़ोतरी होने लगी है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि मौसम का रुख ऐसा ही रहेगा। तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी होने से अब ठंड भी थोड़ी कम होगी। 10 व 11 फरवरी को मौसम का मिजाज फिर से थोड़ा बदलेगा और हल्की ठंड बढ़ेगी। मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा ने बताया कि न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी होने से ठंड भी थोड़ी कम रहेगी।

रायपुर का अधिकतम तापमान 31.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 14.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री ज्यादा और न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री ज्यादा रहा।पेंड्रा रोड में न्यूनतम तापमान 12.0 डिग्री सेल्सियस और अंबिकापुर में 10.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

दुर्घटनाग्रस्त पशुओं के इलाज के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी होगा

- सूचना मिलते ही पहुंचेंगे पशु चिकित्सक
- समीक्षा बैठक में कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने दिये निर्देश

दुर्ग (आरएनएस)। दुर्घटनाग्रस्त मवेशियों के इलाज के लिए पशुधन विकास विभाग हेल्पलाइन नंबर जारी करेगा। इसके माध्यम से मवेशियों के त्वरित इलाज के लिए मदद ली जा सकेगी। फोन से सूचना मिलते ही पशु चिकित्सक मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू का प्रयास करेंगे। कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने समीक्षा बैठक में यह बात कही। उन्होंने कृषि और संबंधित विभाग की योजनाओं पर हुई प्रगति के संबंध में विस्तार से समीक्षा की। कलेक्टर मीणा ने बैठक में गौठानों में उच्च नस्ल के गायों के पाले जाने की प्रगति की समीक्षा भी की। अधिकारियों ने बताया कि जिन गौठानों में अब तक उच्च नस्ल की गाय वितरित की गई हैं वहां दूध व्यवसाय से समूह की महिलाएं अच्छी खासी आय अर्जित कर पा रही हैं।

तिलहन के क्षेत्राच्छादन में 36 प्रतिशत की वृद्धि- कलेक्टर ने रबी वर्ष में क्षेत्राच्छादन की जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि तिलहन फसल के क्षेत्राच्छादन में 36 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। दलहन फसल के क्षेत्राच्छादन में 5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। कलेक्टर ने कहा कि इन फसलों के क्षेत्राच्छादन का अनुपात और बढ़ाना है। अधिकारियों ने बताया कि खरीफ मौसम की अतिरिक्त नमी के सदुपयोग व आय में वृद्धि के उद्देश्य से 12 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में दलहन-तिसहन का क्षेत्राच्छादन किया गया। उन्होंने फसल बीमा योजना के संबंध में भी जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत 146 कृषकों का दावा भुगतान नहीं होने की शिकायत मिली थी। उनके दस्तावेजों को कंपनी को प्रेषित कर सभी किसानों का शतप्रतिशत भुगतान कर दिया गया।

खरीफ वर्ष 2022 में बीमित राशि 512 करोड़ रही। रबी वर्ष 2023 में बीमित राशि से 143 करोड़ रुपए रही है। कलेक्टर ने अंतरराष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष 2023 के अंतर्गत हो रही गतिविधि की जानकारी भी ली। अधिकारियों ने बताया कि पूरे जिले में 470 हेक्टेयर रकबे में रागी फसल हो रही है।

जवानों की अलर्टनेस चेक करने एसएसपी ने दिए पुलिस कंट्रोल रूम को स्कार्पियो चोरी का डमी पॉइंट

- थाना, चौकी प्रभारियों ने दिखाई तत्परता, नाकेबंदी पाइंट में लगे जवान गाड़ी देखकर दूसरे चेक पाइंट को दिए सूचना, पकड़ में आई स्कार्पियो वाहन

रायगढ़। नव पदस्थ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायगढ़ सदानंद कुमार जी का कार्य करने का तरीका ही कुछ अलग है। आज उन्होंने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय महादेवा को थानों के रिस्पांस टाइम एवं सतर्कता चेक करने मॉक ड्रिल कराने का निर्देश दिया गया। आज शाम रायगढ़ एसएसपी सदानंद कुमार के निर्देश पर जिले के समस्त थानों द्वारा अपने अपने इलाके के स्ट्रैटेजिक पॉइंट पर नाकेबंदी कर वाहनों की चेकिंग हेतु अभियान चलाया गया। एसएसपी के निर्देशन पर पुलिस कंट्रोल रूम से सभी थानों और ट्रैफिक को सूचना दी गई कि एक सफेद स्कार्पियो रायगढ़ पासिंग गैलेक्सी माल के पास से चोरी हुई है, सभी थाने अपने अपने क्षेत्र से बाहर निकलने वाले प्रमुख जंक्शन एवं सड़कों पर नाकेबंदी करें। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय महादेवा द्वारा पूरी गोपनीयता बरतते हुए समस्त राजपत्रित अधिकारियों को उनके क्षेत्र के चेकप्वाइंट जाकर जवानों को चेक करने और उनकी कार्यवाही से अवगत कराने का निर्देश दिए। कंट्रोल रूम की सूचना पर शहर और देहात थाना में प्रभारीगण अर्ल्ट होकर जिले में प्रवेश करने के मार्गों तथा शहर के विभिन्न चेकप्वाइंट पर अलर्ट मोड में चोरी वाहन की पतासाजी में लग गए। कुछ देर बाद यातायात पुलिस के जवान द्वारा मेनपेक सेट से कंट्रोल रूम को पाइंट दिया गया कि संदिग्ध नंबर का स्कार्पियो वाहन जूटमिल क्षेत्र के गोगा राइस मिल से शहर की ओर जा रहा है। तब शहर के सभी पाइंट अल्ट हो गये, वाहन को सुभाष चौंक पर जवान देखकर ढिमरापुर पांइट को वाहन की जानकारी दिया गया। ढिमरापुर पाइंट पर यातायात और कोतवाली पुलिस के जवान वाहन को पीछा करते हुए और कोतरारोड़ पाइंट को सूचना दिये और वाहन को पकड़े जिसकी सूचना कंट्रोल रूम की दी गई। एडिशनल एसपी द्वारा मॉक ड्रिल की कार्रवाई बताकर कार्यवाही पर संतोष जताये और सभी स्टाफ को बधाई देते हुए मॉक ड्रिल में हुई कुछ कमियों बताये और उन पर सुधार करने के निर्देश दिए। एडिशनल एसपी ने मॉक ड्रिल का उद्देश्य शहर में आवश्यकता पड़ने पर किस प्रकार नाकेबंदी की जाएगी उसकी समीक्षा करना था बताये और भविष्य में आपातकाल में मिले ऐसी किसी सूचना पर और भी प्रभावी तरीके से कार्यवाही का निर्देश दिया गया है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ताकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU